www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-231 सागवाड़ा, गुरूवार,28 अप्रैल, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## खडगदा में तीसरे दिन फिर हुई चोरी, चोरो ने गणेश व भगवती माता मंदिर को बनाया निशाना

### चांदी का छत्र व मुकुट हुआ चोरी, डिप्टी ने किया गांव का दौरा

**सागवाडा।** थाना क्षेत्र के खडगदा गांव में तीसरे दिन फिर से चोरी की वारदात को अंजाम करते हुए पुलिस को खुली चुनाती है। तीन दिन पहले मकान में लाखो के जेवरात चोरी करने के बाद आज चोरो ने खडगदा में दो आस्था के केन्द्रों को निशाना बनाया है। चोरो मंदिरों से चांदी के छत्र व मुकुट चुरा कर ले गए है। इधर, शाम को डिप्टी नरपतसिंह खडगदा पहुंचे और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली।



मामले के अनुसार तीन दिन पहले खड़गदा में एक मकान में हुई लाखो की चोरी का सागवाडा थाना पुलिस अभी तक खुलासा भी नही कर पाई थी। वहीं बीती रात खड़गदा गांव में ही चोरों ने दो मंदिरों को निशाना बनाया है। चोरो ने खडगदा गांव के मध्य स्थित सिद्धि विनायक गणपति मंदिर और नवरात्रि चौक पर निर्माणधीन भगवती माता मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया है। सुबह जब पुजारी मंदिर पहुंचे तो वारदात का पता चला। इस दौरान गांव के मध्य स्थित सिद्धि विनायक गणपति मंदिर से चोर दो चांदी के छत्र और चांदी का मुकुट चुरा ले गए है । वही भगवती माता मंदिर में चोरो ने चोरी का प्रयास किया लेकिन मंदिर निर्माणधीन होने से वहां चोरों के हाथ कुछ नही लगा। इधर चोरी की घटना का पता चलने पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। वही मामले की जानकारी लोगो ने सागवाडा थाना पुलिस को दी। सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। इधर ग्रामीणों ने खडगदा में हो रही चोरी की घटनाओ पर पुलिस के सामने आक्रोश जताया और वारदातों के जल्द खुलासे की मांग की है। उल्लेखनीय है कि तीन दिन पूर्व खड़गदा में चांदमल जैन के मकान का ताला तोड़ कर करीब 10 लाख के आभूषण चोरी किये थे। बीती रात को जिस गणपति मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया वो भी उस मकान से महज 50 कदम की दूरी पर है। इधर लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यशेली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए है।

## गांजे की खेती पकड़ी, 2 आरोपी गिरफ्तार

### 5 खेतों पर छापा मारकर जब्त किए 749 पौधे, अन्य आरोपियों की तलाश

**डूंगरपुर।** जिले की दोवड़ा थाना पुलिस ने गांजे के 749 पौधे जब्त कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को छापेमारी के दौरान 5 खेतों में गांजे के पौधे मिले हैं। इनका वजन 181 किलो 300 ग्राम है। SP सुधीर जोशी ने बताया की नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गांजे की खेती पर कार्रवाई की गई। मुखबिर से सूचना मिली की कांकरी डूंगरी में अवैध तरीके से गांजे की खेती की जा रही है। इस पर SHO मनीष खोईवाल, हेड कॉन्स्टेबल गजराज सिंह, सुरेश कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, माधव सिंह, खुशपाल सिंह, भंवर सिंह की टीम कांकरी डूंगरी में कांतिलाल पुत्र लालू परमार मीणा के खेत पर पहुंची। खेत में गांजे के पौधे उगे हुए थे, जिनमे हरी पत्तियां, फूल लगे हुए थे। कांतिलाल से गांजे की खेती को लेकर लाइसेंस मांगा, जिस पर कोई कागज नहीं मिले। पुलिस ने इन पौधों को उखाड़कर गिनती की तो 254 पौधे मिले, जिनका वजन 45 किलो 400 ग्राम था। पुलिस को पास के ही सुखलाल पुत्र फुलशंकर परमार मीणा के खेत में भी गांजे के पौधे उगे हुए मिले। खेत से 30 पौधे मिले, जिनका वजन 10 किलो 850 ग्राम था। पास के ही गन्ने के तीसरे खेत में भी गांजे के पौधे उगे हुए थे। पुलिस ने यहां से 92 पौधे जब्त किए, जिनका वजन 40 किलो 700 ग्राम है। कैलाश पुत्र हरीदेव परमार मीणा के खेत में भी गांजे की अवैध खेती की गई थी। यहां से सबसे ज्यादा 332 पौधे जब्त किए है, जिनका वजन 78 किलो 350 ग्राम है। रमेश पुत्र नाथू मीणा के खेत से गांजे के 35 पौधे मिले हैं, जिनका वजन 6 किलो 100 ग्राम है। इस तरह पांच कार्रवाई में 749 पौधे बरामद किए है, जिनका वजन 181 किलो 300 ग्राम है। पुलिस ने मामले में कांतिलाल पुत्र लालूजी मीणा और सुखलाल पुत्र फूलशंकर परमार मीणा निवासी कांकरी डूंगरी को गिरफ्तार कर लिया है। वही अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## शराब ठेकेदारों ने पुलिस पर लगाये परेशान करने के आरोप

### चार ठेकेदारों ने ठेके बंद कर आबकारी विभाग को सौंपी ठेके की चाबियां

**सीमलवाडा।** क्षेत्र के शराब ठेकेदारों ने पुलिस पर फर्जी मुकदमे दर्ज करने और शराब ठेकों के बाहर पुलिसकर्मी तैनात कर परेशान करने के आरोप लगाए है। इधर पुलिस की कार्यशैली से परेशान शराब ठेकेदारों ने सीमलवाडा क्षेत्र के चार ठेके बंद करके उनकी चाबियां आबकारी विभाग को सौंप दी है। ठेकेदारों का कहना है जब तक पुलिस परेशान करना बंद नहीं करेगी वे ठेके बंद ही रखेंगे। इधर ठेके बंद होने से आबकारी विभाग को लाखों का नुकसान होगा।

शराब ठेकेदार ललित पटेल ने बताया की उसके नाम से झोथरी व उसकी माता के नाम से चाडोली में शराब का ठेका है। ललित पटेल ने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा की पिछले कुछ समय से पुलिस प्रशासन उसके पिता चंदुलाल पटेल के खिलाफ झूठे मुक़दमे दर्ज किये जाकर परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने बताया की उनके पिता चंदुलाल के खिलाफ फर्जी मुकदमा 6 अप्रैल को दर्ज किया गया था जिसमे उनका कोई लेना देना नहीं था। वही मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी नहीं की लेकिन 19 अप्रैल को घर में शादी दी थी और शादी के एक दिन पहले परेशान करने की मंशा से पुलिस ने 18 तारीख को जबरदस्ती उठा लिया वही दबाव में आकर उन्हें उस रात छोड़ भी दिया था। लेकिन पुलिस अब वापस गिरफ़्तारी का प्रेशर बना रही है और परेशान किया जा रहा है। ललित पटेल ने आरोप लगाते हुए कहा की इतना ही नहीं पुलिस की ओर से झोथरी, चाडोली, सरथूना व पुनावाडा शराब के ठेके के बाहर पुलिस के जवान तक तैनात कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। ललित पटेल ने बताया की कल से जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देश पर चौरासी थाना पुलिस व धम्बोला थाना पुलिस की ओर से जवान उनके ठेकों के बाहर खड़े रहते है पुलिस की मौजूदगी में ग्राहक शराब के ठेकों पर आने पर कतराने लगे है जिसके चलते शराब की बिक्री में गिरावट आई है। ऐसे में कोई भी शराब ठेकेदार अपनी दुकान संचालित नहीं कर पा रहा है। पुलिस की किसी कार्यशैली से नाराज होकर झोथरी, चाडोली, सरथूना व पुनावाडा शराब के ठेकेदारो ने डूंगरपुर जिला आबकारी अधिकारी से मुलाक़ात की है। वही ठेकों को बंद करते हुए उनकी चाबी विभाग को सौप दी है। वही उन्होंने विभाग के अधिकारियो को साफ़-साफ़ कहा है की जब तक पुलिस इस तरह से शराब के ठेकेदार को परेशान करना बंद नहीं करेंगे वे ठेके संचालित नहीं करेंगे। वही इसकी पुरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। गौरतलब है की सरथूना दुकान की 4 करोड़ 10 लाख की सालाना गारंटी है, तो वही इसके अलावा चाडोली की एक करोड़ 68 लाख, झोथरी दुकान की एक करोड़ 20 लाख और पुनावाडा शराब की दुकान की 5 करोड़ 35 लाख की गारंटी है।

## बिजली विभाग का इंजीनियर-ठेकेदार और दलाल रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** जेवीवीएनएल पनियाला के डिस्कॉम का जूनियर इंजीनियर, ठेकेदार और दलाल 43 हजार 500 रुपए की रिश्वत लेते पकड़े गए हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि एसीबी की विशेष अनुसंधान टीम जयपुर को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी। उसके कृषि कनेक्शन के लिए डीपी ईशू करने। साथ ही लाइन खिंचवाने की एवज में जयपुर डिस्कॉम का जूनियर इंजीनियर नरेन्द्र बाकोलिया, ठेकेदार रघुवीर सिंह मीणा एवं उसके दलाल के माध्यम से 1 लाख 25 हजार रुपए सरकारी खर्च के नाम पर और 20 हजार रुपये की रिश्वत राशि मांग रहे है। एसीबी विशेष अनुसंधान टीम जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बजरंग सिंह शेखावत के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रैप कार्रवाई करते हुए डिस्कॉम के जूनियर इंजीनियर नरेन्द्र बाकोलिया, दलाल रघुवीर सिंह मीणा और कर्मचारी अजय कुमार सैनी को 43 हजार 500 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि आरोपियों द्वारा सरकारी खर्चे के रूप में 1 लाख 25 हजार रुपए परिवादी से लिए थे।

## डूंगरपुर में प्राचीनकाल की बनी 'बावड़ियां'की सुध लेगी नगरपरिषद

### साफ-सफाई के साथ जल संरक्षण व संवर्धन का उठाएगी बीड़ा

**डूंगरपुर।** शहर की प्राचीन बावडियो की जल्द ही दशा सुधरने वाली है। डूंगरपुर नगरपरिषद ने ऐसी प्राचीन बावडियो की सुध ली है। जिसके तहत नगरपरिषद इन प्राचीन बावडियो की साफ़-सफाई करवाएगी वही इसके साथ ही इन बावडियो संवर्धन व जल संरक्षण का भी बीड़ा उठाएगी। वही इसके साथ ही नगरपरिषद की ओर से जिन बावडियो में पानी मौजूद उस पानी के उपयोग भी योजना बनाई जायेगी। प्राचीन काल से ही धरती पर जल की कमी को देखते हुए जल संरक्षण की परंपरा चलती आ रही है। प्राचीन समय में इन परंपरागत जल स्त्रोतों में से बावड़ियों का खासा महत्व था। लेकिन समय के साथ इन बावडियो की अनदेखी के चलते ये प्राचीन बावडिया अब शो पीस बनकर रह गई है। लेकिन डूंगरपुर शहर में स्थित इन प्राचीन बावडियो की दशा, साफ-सफाई और संवर्धन का बीड़ा डूंगरपुर नगरपरिषद ने उठाया है।

डूंगरपुर नगरपरिषद के सभापति अमृतलाल कलासुआ ने बताया की डूंगरपुर शहर में घाटी स्थित रामबाव, उदयबाव, फ़ौज का बडला बाव, नवाडेरा स्थित नई बाव और महारावल स्कूल के बगीचे में केला बाव एवं रानी बाव है। उन्होंने बताया की वर्तमान में उदयबाव से करीब 8 लाख लीटर पानी की सप्लाई की जा रही है। लेकिन अन्य बावडियो की स्थिति खस्ताहाल है। उन्होंने बताया की नगरपरिषद ने इन बावो की दशा सुधारने का बीड़ा उठाया है। जिसके तहत शेष रामबाव,फ़ौज का बडला बाव,नई बाव, केला बाव एवं रानी बाव की नगरपरिषद की ओर से पहले साफ़-सफाई की जायेगी। वही इसके साथ ही इन बावो के संवर्धन व जल संरक्षण का काम किया जाएगा। वही डूंगरपुर नगरपरिषद के सभापति अमृत कलासुआ ने बताया की इन बावडियो की सफाई के बाद जलदाय विभाग से सम्पर्क किया जाएगा और उनके जलदाय विभाग के माध्यम से इन बावडियो के पानी की जांच करवाई जायेगी। वही अगर जांच में पानी पीने योग्य पाया जाता है तो उदयबाव की तर्ज पर इन बावडियो से पानी की सप्लाई उनके सम्बंधित क्षेत्रो में लोगो को की जायेगी ताकि शहर में पेयजल की समस्या नहीं रहे।

## बस ने ऑटो को मारी टक्कर, हादसे में ऑटो सवार डेढ़ साल के बच्चे की हुई मौत, 5 अन्य लोग हुए घायल

**डूंगरपुर।** जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के दोवडा तिराहे पर एक बस ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से नियंत्रित होकर पलट गया और हादसे में ऑटो सवार एक डेढ़ वर्षीय बालक की मौत हो गई जबकि ऑटो सवार 5 लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। वही मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाया है। थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की एक ऑटो सवारिया लेकर डूंगरपुर की तरफ से दोवडा की ओर आ रहा था।

इस दौरान दोवडा तिराहे के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ़्तार बस ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी की टक्कर के बाद ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इधर ऑटो पलटने से ऑटो सवार रघुनाथपुरा निवासी डेढ़ वर्षीय बालक रोनी पुत्र देवीलाल अहरी की मौके पर ही मौत हो गई। वही इसी गांव के कांता पत्नी सुखलाल, मंजुला पत्नी रामचंद्र, चंद्रिका पुत्री मोहनलाल, चालक लोकेश पुत्र भगवानालाल व गर्भवती महिला मनीषा पत्नी जयंतीलाल घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। इधर लोगो ने घटना की जानकारी दोवडा थाना पुलिस को दी। सुचना पर दोवडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को डूंगरपुर जिला अस्पताल भर्ती करवाया गया जहा पर घायलों का उपचार किया जा रहा है। वही पुलिस ने डेढ़ वर्षीय मृतक बालक का शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया।

इधर घटना के बाद बस चालक बस मौके पर छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है वही बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## गुजरात से सटे रतनपुर बॉर्डर पर सरकारी शराब के ठेके से 3 लाख से ज्यादा की शराब चोरी, केस दर्ज

**डूंगरपुर।** गुजरात से सटे डूंगरपुर जिले के रतनपुर बॉर्डर पर सरकारी शराब की दुकान से चोरी 3 लाख से ज्यादा की शराब चोरी हो गई। घटना के बाद पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है। बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के रतनपुर पुलिस चौकी के प्रभारी सुशील कुमार दशोरा ने बताया की अशोक कुमार पुत्र फुलचंद लोटासरा निवासी लोटासरा की ढाणी झुंझनू ने केस दर्ज करवाया है। अशोक कुमार ने रिपोर्ट में बताया है की वह गुजरात के पास रतनपुर बॉर्डर पर सरकारी शराब की दुकान का मैनेजर है। 25 अप्रैल रात के समय दुकान बंद थी और वे भी कमरे पर सो रहे थें। रात के समय चोरों ने दुकान के पीछे की तरफ की जाली का हिस्सा तोड़कर अंदर घूसे। चोर दुकान से अंग्रेजी शराब की अलग अलग ब्रांड की पेटियां उठाकर ले गए। दूसरे दिन दुकान खोलने आए तब चोरी का पता लगा। अशोक कुमार ने बताया की दुकान से करीब 3 लाख 30 हजार 355 रुपए की अंग्रेजी शराब की पेटियां चोरी हो गई है। घटना की सूचना पर रतनपुर चौकी इंचार्ज सुशील कुमार दशोरा मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी। इसके बाद अशोक कुमार की रिपोर्ट पर चोरी का केस दर्ज करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## मोदी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा चुनाव, कमल निशान होगा CM चेहरा: राजेन्द्र राठौड़

**अजमेर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ गुरुवार को अजमेर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल का निशान ही मुख्यमंत्री का चेहरा होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में चुनाव लड़ा जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस को भी जमकर घेरा और कई आरोप लगाए। अजमेर पहुंचे उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने मीडिया से बातचीत में कहां की सरकार के इस कुशासन ने यह सिद्ध कर दिया की कब समय की रफ्तार के साथ फिर सरकार की चिता जलनी जरूरी है। इसलिए सरकार ने चिंता करना प्रारंभ किया और चिंतन शिविर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है, बिजली की कटौती के चलते जनता परेशान है, और जिस प्रकार का कुप्रभदन है



उससे आम आदमी त्रस्त है, और कानून व्यवस्था एक मुद्दा बन चुका हैं। इन सब को देखते हुए यह राज नहीं कुराज है और कुछ समय आने पर कुराज का अंत निश्चित तौर पर होगा। उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने अजमेर में मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस की राजस्थान सरकार में अंतरकल्हे की बुनियाद पर ही बनी थी। जिसका नतीजा था कि तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने अपनी ही सरकार के खिलाफ बगावत की। वर्तमान में भी कांग्रेस के विधायक खुद को मिनी मुख्यमंत्री समझ कर जनता से लूटपाट कर रहे हैं। इसका खामियाजा कांग्रेस को आगामी विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ेगा।

इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी की राजस्थान में सक्रियता को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि राजस्थान में आम आदमी पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं है। गुरुवार को भाजपा विधायक वासुदेव देवनानी के आवास पर पहुंचे उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहां की राजस्थान में इस बार मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया जाएगा। भाजपा अगला विधानसभा चुनाव अपने चुनाव चिन्ह कमल के निशान को सामने रखकर लड़ेगी और वही मुख्यमंत्री का चेहरा होगा और इसके अगुवाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

### राजस्थान से बाहर जाने वाले बच्चों और युवाओं के लिए केयर टेकर की भूमिका का निर्वाह करे राजस्थान फाउण्डेशन

## राजस्थान फाउण्डेशन देश को समर्पित

**जयपुर।** राजस्थान फाउंडेशन की 9वीं कार्यकारी समिति की बैठक गुरूवार को मुख्य सचिव उषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि फाउण्डेशन को ऐसे प्लेटफार्म के रूप में विकसित किया जाए, जहां एक क्लिक पर उन तक पहुंचा जा सके। उन्होंने कहा कि पढ़ाई और नौकरी के लिए राजस्थान से बाहर जाने वाले बच्चों और युवाओं के लिए यह फाउण्डेशन एक केयर टेकर की भूमिका का निर्वाह करे। उन्होंने कोरोना और यूक्रेन संकट के समय फाउण्डेशन द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि फाउण्डेशन के कार्यों की रूपरेखा रिजल्ट ओरियन्टेड होनी चाहिये। संकट के समय के अलावा भी फाउण्डेशन की गतिविधियां ऐसी हों, जिससे प्रत्येक प्रवासी राजस्थानी का जुड़ाव इससे हो सके। उन्होंने फाउण्डेशन की एनआरआर पॉलिसी शीघ्र तैयार करने



के निर्देश भी दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि देश-विदेश में बस रहे राजस्थान के लोग यहां की विरासत, आस्थाओं, संस्कृति और परम्पराओं से जुड़े रहें, इसके लिए फाउण्डेशन एक सेतु की तरह काम करे। उन्होंने फाउण्डेशन के अगले एक वर्ष के एक्शन प्लान के तहत की जाने वाली गतिविधियों पर चर्चा की और उनका अनुमोदन किया। मुख्य सचिव ने पिछली कार्यकारी समिति की बैठक में अनुमोदित कार्यों की क्रियान्विति की समीक्षा भी की। फाउण्डेशन के अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने फाउण्डेशन की वर्तमान गतिविधियों तथा भविष्य की कार्य योजना के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन के माध्यम से ना केवल प्रवासियों को यहां की संस्कृति और सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का काम किया जा रहा है, बल्कि उनकी समस्याओं के निराकरण में भी सहायक बनने का प्रयास किया जा रहा है। फाउण्डेशन आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस वर्ष देश में कुल 42 चैप्टर स्थापित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।